दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | सोमवार 07 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 107 पेज-13 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3






## दैनिक करंट क्राइम चैत्र नवरात्रि महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब
## मां सिद्धिदात्री का आशीर्वाद गणमान्यों ने बांटा प्रसाद

























# मां सिद्धिदात्री का मिला आशीर्वाद उमड़ा आस्था का सैलाब



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 07 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# दैनिक करंट क्राइम चैत्र नवरात्रि महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

## मां सिद्धिदात्री का आशीर्वाद गणमान्यों ने बांटा प्रसाद



## संपादकीय

# सभी का दिल से करता हूं आभार



कोई भी राष्ट्र हो, उसमें जन्में प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होता है कि वह अपनी जन्मभूमि के प्रति समर्पित रहे। अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे। इसी तरह कोई भी व्यक्ति जिस भी धर्म और संस्कृति में जन्म लेता है उसका यह कर्तव्य होता है कि वह उस धर्म और संस्कृति के प्रति पूरी तरह से आस्थावान रहे। भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम की संस्कृति है। सनातन संस्कृति का आधार ही पर्यावरण की रक्षा, पंच तत्वों के प्रति आस्था और कन्याओं से लेकर महिलाओं के सम्मान के लिए कृत संकल्प रहना है। नवरात्र के पावन पर्व पर हम यही संदेश देते हैं और हम सनातन संस्कृति के लोग नौ दिन तक लगातार देवी के अलग-अलग स्वरूपों का पूजन करते हैं। धर्म और संस्कृति के प्रति एक समाजिक जिम्मेदारी भी है और एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। दैनिक करंट क्राइम ने चैत्र नवरात्र में जब नवम देवी मां सिद्धिदात्री के पूजन अर्चन के साथ नवरात्र महोत्सव मनाते हुए भंडारे का आयोजन किया तो आप सभी की भागीदारी में एक बार फिर मेरे उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया। सत्य यही है कि आप सभी की भागदारी थी। आप सभी के आस्थामयी मन की और धर्म के प्रति श्रृद्धा के लिए दिल से आभार व्यक्त करता हूं और इस आभार को व्यक्त करने के लिए शब्द कम पड़ रहे हैं। मैं दैनिक करंट क्राइम चैत्र नवरात्र महोत्सव में आये एक-एक व्यक्ति का आभार व्यक्त करता हूं। यहां सभी का नाम ले पाना संभव नहीं है लेकिन समाज के गणमान्य लोगों ने चाहे वो राजनीति के क्षेत्र से हों, चाहे वो पुलिस प्रशासन के क्षेत्र से हों, चाहे वो पत्रकारिता के क्षेत्र से हों, चाहे वो समाज सेवा के क्षेत्र से हों, सभी ने अपनी भागीदारी निभाई है। सनातन संस्कृति के प्रति आस्था का ये भाव बना रहे। हम विश्व शांति विश्व कल्याण की कामना करते हुए सफलता के पथ पर अग्रसर हों। मैं कामना करता हूं कि माता रानी आप सभी के जीवन में खुशियों का उजाला दे। आप सभी समर्थ बने, ऊर्जावान बनें और स्वस्थ रहे। दैनि करंट क्राइम महोत्सव में आपके आने का पुन: एक बार दिल से आभार व्यक्त करता हूं। जिस तरह से आपने अपने धर्म के प्रति, संस्कृति के प्रति इस जिम्मेदारी को निभाया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल ने अपने बेटे अंजुल अग्रवाल के जन्मदिन पर उनके यशस्वी जीवन की कामना की। अनिल अग्रवाल ने शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजुल अग्रवाल के जन्मदिन पर उनकी दीर्घआयु की कामना करते हुए उनके लिए सर्वमंगल, सर्वकल्याण की कामना की। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया और उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम ऑफ द डे।

## SPECIAL WISHES दैनिक करंट क्राइम






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। काजी अदनान नबील सिद्धीकी के लिए उनकी अम्मी उनका पूरा संसार हैं। अपनी अम्मी रजिया खातून के जन्मदिन पर उन्होंने अपनी फीलिंग को शब्दों के जरिए साझा किया। उन्होंने लिखा कि मैंने जन्नत तो नहीं देखी है लेकिन मां देखी है। एक बेटे ने स्पेशल विश के जरिए अपनी मां को दुनिया का सबसे आला दर्जा दिया और अपनी अम्मी के लिए दुनिया की सभी खुशियों की कामना की।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भाजपाइयों ने कार्यालय पर ध्वजारोहण कर मनाया 45 वां स्थापना दिवस, बांटी मिठाई







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 6 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये अपना 45वां स्थापना दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने रविवार को सुबह 9 बजे पार्टी के नेहरू नगर स्थित कार्यालय को पूरा सजा संवरा कर 45वें स्थापना दिवस को बड़ी धूम धाम से मनाया। पार्टी कार्यालय पर सभी जनप्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपाइयों ने पहुंचकर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर भाजपा का झंडा रोहण किया मिठाई बाटी और बड़े हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे को बधाई देते हुए स्थापना दिवस पर अपने नेताओं के कार्यों एवं लंबे सफर का बखान किया।

इस अवसर पर कार्यालय पर स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व मेयर आशा शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक मंजू सिवाच, बलदेव राज शर्मा, अशोक गोयल, जगदीश साधना, सरदार एसपी सिंह, सुभाष शर्मा, ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी, महामंत्री राजेश त्यागी, गोपाल अग्रवाल, रानिता सिंह, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, प्रदीप चौधरी, अमित त्यागी, उदिता त्यागी, मीना भंडारी, ऋचा भदौरिया, संगठन पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस दौरान मयंक गोयल ने बताया कि पार्टी द्वारा स्थापना दिवस पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर महानगर समिति का गठन भी किया गया है। फिर भी हर कार्यकर्ता अपनी पार्टी के लिए समर्पित होकर एक शानदार झंडा अपनी छत या बालकनी में लगाए और आत्मीय मुस्कान के साथ उसकी सेल्फी भी सोशल मीडिया पर शेयर करें। जिलाध्यक्ष चैन सिंह ने भी जिले में होने वाले सभी आयामों की जानकारी मीडिया के सामने बताई। भाजपा मुख्यालय पर दोपहर 12 बजे पार्टी का झंडा रोहण किया। ध्वजा रोहण अध्यक्ष मयंक गोयल, चैन सिंह, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, विधायक नन्द किशोर गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, जितेंद्र चित्तौड़ा, राजेंद्र बाल्मीकि, कौमुदी चौधरी, सुधीर पगड़ी आदि मौजूद रहे।

# वसुंधरा सेक्टर-5 में शराब की दुकान खोले जाने का विरोध, लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन






साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 54 वसुंधरा सेक्टर-5 मोहन मेकिंग सोसाइटी में पार्षद सतेंदर चौधरी के साथ सोसायटी लोगों ने सेक्टर 5 वसुंधरा गेट नंबर 1 स्थित खुल रहे शराब के ठेके को बंद करने के लिए किया विरोध प्रदर्शन किया। पार्षद सतेंदर चौधरी ने बताया कि वसुंधरा मोहन मेकिंग सोसाइटी में रेजिडेंशियल सोसायटी है, जिसमें लगभग 1007 मकान है और सोसाइटी के मुख्य गेट पर शराब का ठेका खुलने एक दुर्भाग्यपूर्ण बात है। जिससे जनता में बहुत आक्रोश है मोहन मेकिंग सोसायटी कोऑपरेटिव सोसाइटी है। जिससे शराब के ठेका खोलने की भी कोई अनुमति या एनओसी नहीं ली गई है। जानकारी के अनुसार यह ठेका यहां पर आवंटन भी नहीं हुआ है। यह किसी और सेक्टर से यहां पर शिफ्ट किया गया है। ठेके के मालिक से इसका परमिशन लेटर मांगने पर परमिशन लेटर नहीं दिखाया गया है। इस मामले में कैबिनेट मंत्री साहिबाबाद सुनील कुमार शर्मा ने भी आश्वासन दिया है, की जगह-जगह खुल रहे ठेको पर जल्द ही एक्साइज कमिश्नर से बात करके इसका समाधान निकाला जाएगा। पार्षद का कहना है कि सोमवार को लोगों के साथ जिलाअधिकारी को इस सम्बंध में शिकायत की जाएगी। इस अवसर पर अनुराग मिश्रा, वीरेंद्र पवार संतोष कुमार, मनोज कुमार पाल, एसपी सिंह रविंद्र चौधरी हरेंद्र मलिक आदि सोसाइटी के सभी वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## चुटकुले

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया।
उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं ?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी ना ?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

---

एक दोस्त दूसरे दोस्त से गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया.. अब गाड़ी को आगे नहीं ले जा सकते।
दूसरा दोस्त कोई बात नहीं.. गाड़ी को रिवर्स गियर में लगाओ.. घर वापिस चलते हैं।

---

डॉक्टर- जब तुम तनाव में होते हो क्या करते हो?
सोनू- जी, मंदिर चला जाता हूं...
डॉक्टर- बहुत बढ़िया, ध्यान-व्यान लगाते हो वहां?
सोनू- जी नहीं, लोगों के जूते चप्पल मिक्स कर देता हूं, फिर उन लोगों को देखता रहता हूं...
उनको तनाव में देख कर मेरा तनाव दूर हो जाता है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# योगी सरकार के 8 साल: साहिबाबाद में भाजपा युवा मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

## केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने दिखाई हरी झंडी, सैकड़ों युवा शामिल






साहिबाबाद (करंट क्राइम)। साहिबाबाद में भाजपा युवा मोर्चा ने सेवा, सुशासन और सुरक्षा के आठ वर्षों की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए विशाल बाइक रैली निकाली। युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल व युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली साहिबाबाद के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश में आठ वर्षों में किसान, महिला और युवा कल्याण की कई योजनाएं चलाई हैं। इन योजनाओं को पार्टी कार्यकर्ता जनता तक पहुंचा रहे हैं।

महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत किया है। इस अवसर पर महामंत्री संदीप चौधरी, महामंत्री नितिन शर्मा, उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, दीपक शर्मा, राम त्यागी, खोड़ा-मकनपुर मंडल अध्यक्ष पंकज लड्डू, अनुज कसाना, सोनू चौधरी रॉबिन भड़ाना आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 07 04 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

### आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



जितेन्द्र (अभिनेता)



हंसा अमोला



आशा गौतम



संजीव शर्मा



अरविंद कुमार सिंह



विकास बंसल



विकास त्यागी



बीएल वार्ष्णेय



राधेश्याम शुक्ला



कपिल मावी गुर्जर



अमरजीत कुमार सिंह



रिशु मल्होत्रा



सुमित चौधरी



वरूण त्यागी



वसीम



सुरेश पंवार



हिमाशु गुप्ता



योगेंद्र शर्मा



यश ठाकुर



किरनपाल



राजीव शर्मा



सुनील कुमार सिंह



विकास कुमार गौतम

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# मां सिद्धि दात्री का मिला आशीर्वाद उमड़ा आस्था का सैलाब



# मां सिद्धिदात्री का मिला आशीर्वाद उमड़ा आस्था का सैलाब



# मां सिद्धिदात्री का मिला आशीर्वाद उमड़ा आस्था का सैलाब



# मां सिद्धिदात्री का मिला आशीर्वाद उमड़ा आस्था का सैलाब



# मां सिद्धिदात्री का मिला आशीर्वाद उमड़ा आस्था का सैलाब



# मां सिद्धिदात्री का मिला आशीर्वाद उमड़ा आस्था का सैलाब



# मां सिद्धिदात्री का मिला आशीर्वाद उमड़ा आस्था का सैलाब



# मां सिद्धि दात्री का मिला आशीर्वाद उमड़ा आस्था का शैलाब














# स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा महानगर कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा के नेहरू नगर स्थित महानगर कार्यालय पर स्थापना दिवस के अवसर पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं जिलाध्यक्ष चैन पाल सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि 6 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये अपना 45वां स्थापना दिवस बड़ी धूम धाम से मना रही है। इसी कड़ी से महानगर को सम्बद्ध किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा स्थापना दिवस पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर महानगर स्तर पर एक समिति का गठन किया गया है। भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। भाजपा के स्थापना दिवस पर छह अप्रैल को पार्टी कार्यकताओं ने पार्टी के कार्यालय पर सजावट कर भाजपा ध्वजारोहण किया है। महानगर स्तर पर भाजपा की सफल राजनीतिक यात्रा से संबधित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। सात अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपाध्याय व भारत माता का चित्र लगाकर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि आठ-नौ अप्रैल को विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसके विधानसभा वार स्थान भी तय कर जिम्मेदारी सौंप दी गई है। महानगर अध्यक्ष के अनुसार, सम्मेलन में भाजपा के चुनावी व संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन और प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11वर्षों में विकसित भारत की यात्रा पर चर्चा होगी।

उन्होंने बताया कि बूथ पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बूथ समिति के सदस्य और पन्ना प्रमुखों, प्राथमिक व सक्रिय सदस्य और वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। प्रेस वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिलाध्यक्ष चैन पाल सिंह, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, विधायक नन्द किशोर गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, महामंत्री राजेश त्यागी, जितेंद्र चित्तौड़ा, राजेंद्र बाल्मीकि, कौमुदी चौधरी, महानगर कार्यक्रम संयोजक बॉबी त्यागी, अमित त्यागी, गुंजन शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आदि शामिल रहे।

# वार्ड 80 में शराब की दुकान खोले जाने पर भड़के लोग, किया विरोध प्रदर्शन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 80 में शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 1 एवं एक्सटेंशन तो के लोगों ने शराब के नए ठेका रिहायश इलाके में खुलने का विरोध किया। जो की शालीमार गार्डन एक्सटेंशन पानी की टंकी के पास खुलना था। जिसमें वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा ने कहा यहां ठेका खुलने से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। जिससे यहां का माहौल व वातावरण भी बिगड़ेगा वहां आसपास रहने के वाले लोगों ने इसका खुलकर विरोध किया। इस अवसर पर विपिन चौधरी डी एन कॉल नितिन बंसल लेखराज अनिल फोतेदार केपी सिंह सौरभ सक्सेना वीके कॉल चतर सिंह नीरा कॉल पूनम दीप्ति कुसुम शर्मा जयकुमार कनिका शर्मा आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।




# इंदिरापुरम में अष्टमी पर भंडारे का आयोजन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** अष्टमी पर्व पर शनिवार को इंदिरापुरम में भंडारे का आयोजन किया गया। अष्टमी पूजन के बाद आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला ,महामंत्री उमाशंकर तोमर, पार्षद राधेश्याम त्यागी, पार्षद अनुज त्यागी, अभिषेक त्यागी, संजीव शर्मा, दिनेश,सीताराम त्यागी,नीतू त्यागी, अखलेश शर्मा, सीताराम त्यागी, रमाकांत सिंह, अंकित, राजू, मोहित, पंकज, राहुल चौधर,आर्यांश, वंश, सूर्यांश, राजू खान, बाबा खान, कासिम आदि लोग मौजूद रहे।

# यूपी में झुलसाने लगी गर्मी...

## कई जिलों में पारा 40 डिग्री के पार, लू के थपेड़ों की चेतावनी



**लखनऊ।** यूपी में गर्मी झुलसाने लगी है। कई जिलों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है। दिल्ली एवं आगरा से सटे 10 जिलों के लिए लू के थपेड़ों की चेतावनी जारी की गई है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। आठ अप्रैल से पुरवाई चलने के साथ बूंदाबांदी के आसार हैं। उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में झुलसाने वाली गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। पश्चिमी यूपी और दिल्ली से सटे कई जिले लू की चपेट में हैं। अगले दो दिनों तक फिलहाल तेज धूप और गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने वाली। रात के पारे में भी बढ़ोतरी आएगी। मौसम विभाग की ओर से सोमवार को आगरा और दिल्ली से सटे लगभग 10 जिलों गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद और आसपास के इलाकों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है।

### तराई इलाकों में बूंदाबांदी के आसार

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक आठ अप्रैल से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके असर से पुरवा हवाएं चलेंगी। तराई इलाकों में बूंदाबांदी के आसार हैं।

# सीएम योगी ने इथेनॉल प्लांट का किया उद्घाटन, बोले- देश में जल्द इथेनॉल से चलने लगेंगी गाड़ियां और हवाई जहाज



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार शाम सहजनवां में केयान डिस्टिलरी प्लांट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और गीडा के अंतर्गत नए उद्योग की शुरूआत के लिए भी बधाई दी। उन्होंने बताया कि 30 एकड़ में फैला यह प्लांट अनाज से इथेनॉल बनाएगा, जो देश और किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगा।

### स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार, किसानों को फायदा

मुख्यमंत्री ने बताया कि यहां रोजाना साढ़े तीन लाख लीटर इथेनॉल बनेगा, जो आगे बढ़कर पांच लाख लीटर तक पहुंचेगा। इस प्लांट में रेक्टिफाइड स्पिरिट भी तैयार होगी, जिसका इस्तेमाल आधुनिक दवाइयों में होगा। सीएम योगी ने कहा कि पिछले आठ साल में डबल इंजन की सरकार ने किसानों के हित में काम किया है। पहले सड़ा हुआ अनाज और गन्ना बेकार जाता था, लेकिन अब इससे इथेनॉल बन रहा है। उत्तर प्रदेश में 177 करोड़ लीटर इथेनॉल बन रहा है, जो पेट्रोल-डीजल के साथ मिलाया जा रहा है।

### किसानों के लिए दोहरी कमाई का मौका, खराब अनाज और पराली से भी होगा लाभ

मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा कि वे टूटा चावल, खराब गेहूं, पराली और गन्ना इस प्लांट में लाएं। यह डिस्टिलरी इन्हें खरीदेगी। इससे किसानों को अनाज का दाम तो मिलेगा ही, साथ में पराली और बेकार सामान से भी कमाई होगी। 1200 करोड़ रुपये की लागत से बने इस प्लांट से दो हजार लोगों को सीधे और इतने ही लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

सीएम योगी ने कहा कि आठ साल पहले गोरखपुर के गीडा में कोई निवेश नहीं करना चाहता था, लेकिन बीते आठ साल में यहां 15 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश आया है और 50 हजार युवाओं को नौकरी मिली है। गीडा में डिप्लोमा कोर्स और ट्रेनिंग की व्यवस्था भी शुरू की गई है। प्लास्टिक पार्क, गारमेंट पार्क और फ्लैटेड फैक्ट्री जैसे नए प्रोजेक्ट भी आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अब लोग मानते हैं कि यूपी और गोरखपुर में निवेश करना सुरक्षित है। उद्यमी गीडा में निवेश करने को इच्छुक हैं।

### विदेशी मुद्रा बचेगी और किसानों की आमदनी बढ़ेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्लांट शराब बनाने की फैक्ट्री नहीं, बल्कि एक इथेनॉल उत्पादन इकाई है। इससे पेट्रोल और डीजल की जगह इथेनॉल का इस्तेमाल को बल मिलेगा, जिससे गाड़ियां और हवाई जहाज भी चल सकेंगे। सीएम ने बताया कि भारत हर साल 7-8 लाख करोड़ रुपये का पेट्रोल-डीजल खरीदता है। अगर किसानों के अनाज से इथेनॉल बनेगा तो विदेशी मुद्रा बचेगी और किसानों की आमदनी बढ़ेगी। इससे देश मजबूत होगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा।

### उद्यम के साथ साथ पर्यावरण की रक्षा भी हमारा दायित्व

मुख्यमंत्री ने कहा कि टेक्नोलॉजी इतनी बेहतर हो चुकी है कि अब हमें निवेश के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा भी करनी होगी। उन्होंने ग्रीन एनर्जी के इस्तेमाल पर जोर देते हुए जीरो लिक्विड डिस्चार्ज और सौर ऊर्जा को अपनाने की बात कही। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि धरती माता की सेहत का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने उदाहरण दिया कि जैसे शरीर में धमनियां रक्त वाहिकाओं का काम करती हैं, वैसे ही धरती पर नदियां उसकी रक्त वाहिकाएं हैं।

# नेपाल से पानीपत भेजी जा रही 45 लाख की अफीम बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** नेपाल से अफीम लेकर उसे हरियाणा के पानीपत पहुंचाया जा रहा है। इसका खुलासा करते हुए एसओजी, पुलिस व एसएसबी की टीम ने नेपाल सीमा से एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से टीम ने साढ़े चार किलोग्राम अफीम बरामद किया। जिसकी कीमत 45 लाख रुपये बताई जा रही है।

एसओजी प्रभारी नितिन यादव को सूचना मिली कि नेपाल से अफीम की तस्करी हो रही है। इसकी जानकारी उन्होंने एसपी को दिया। एसपी घनश्याम चौरसिया ने सीमा पर तैनात एसएसबी सहित मल्हीपुर व सिरसिया पुलिस को अलर्ट किया था। शनिवार देर शाम एसओजी प्रभारी को सूचना मिली कि सिरसिया क्षेत्र नेपाल सीमा स्थित पिलर संख्या 632/2 व 633 के बीच से होकर एक व्यक्ति निकल रहा है। उसके पास अफीम है। इसके बाद संयुक्त टीम ने नाकाबंदी किया। इस दौरान उन्हे एक युवक आता दिखा। टीम ने घेराबंदी कर नेपाल की तरफ से आ रहे अधेड़ को देख रोका तो वह नेपाल की तरफ भागने का प्रयास करने लगा। इस पर टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से साढ़े चार किलोग्राम अफीम व एक मोबाइल बरामद हुई।



गिरफ्तार अधेड़ की पहचान शामली जिले के थाना कैराना क्षेत्र के आलकला निवासी आमिर अहमद पुत्र सत्तार के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि उसे नेपाल निवासी सलमान ने बुलाया था। उसी से यह अफीम लेकर वह हरियाणा के पानीपत बेचने जा रहा था। एसपी ने बताया कि पूछताछ में यह भी पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध रामपुर जिले के थाना शहजादनगर में वर्ष 2022 में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। इसके साथ बाराबंकी निवासी एक व्यक्ति और है। कल फिलहाल यह अकेला ही था।

# दिल्ली के स्कूलों में रोहिंग्या के बच्चों को मिला दाखिल'

## आप विधायक का भाजपा पर बड़ा आरोप




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक अनिल झा का आरोप है कि करावल नगर के एक स्कूल में 10 रोहिंग्या बच्चों को एडमिशन दिया गया है। भाजपा को भारत के गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों की चिंता नहीं है, उन्हें केवल रोहिंग्याओं की चिंता है। आम आदमी पार्टी के विधायक अनिल झा ने कहा कि करावल नगर में दिल्ली सरकार के स्कूलों में करीब दस रोहिंग्या स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया गया है। हमारे पास इसकी पुख्ता जानकारी और सबूत हैं। वहां से विधायक जो मंत्री भी हैं, वे बताएं कि इन अवैध विदेशियों को क्यों एडमिशन दिया गया है।

उन्होंने कहा, 'करावल नगर के एक स्कूल में भारतीय बच्चों का हक मारकर 10 रोहिंग्या बच्चों को एडमिशन दिया गया है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी रोहिंग्या को एहर फ्लैट में बसाने की बात कह चुके हैं। भाजपा को भारत के गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों की चिंता नहीं है, उन्हें केवल रोहिंग्याओं की चिंता है। देश की सभी सेनाएं, सुरक्षा और खुफिया एजेंसी केंद्र सरकार की हैं लेकिन इसके बावजूद हजारों की संख्या में रोहिंग्या दिल्ली-एनसीआर में रह रहे हैं।

**उन्होंने कहा, 'करावल नगर के एक स्कूल में भारतीय बच्चों का हक मारकर 10 रोहिंग्या बच्चों को एडमिशन दिया गया है।**

दिल्ली में हजारों लोग बेघर हैं लेकिन केंद्र सरकार रोहिंग्या को एहर फ्लैट्स देने की बात कह रही है। अब दिल्ली सरकार के स्कूलों में रोहिंग्या बच्चों को एडमिशन दिया गया है।'

आप विधायक ने कहा कि अपनी दोहरी नीतियों के कारण केंद्र सरकार, दिल्ली और देश को अस्थिर कर रही है। दिल्ली में रह रहे जो हमारे बच्चे हैं, इखढ सरकार में उनके हक को मारकर रोहिंग्या घुसपैठियों को प्राथमिकता दी जा रही है। यह सरासर गलत है। भारत में दलितों, गरीबों और अल्पसंख्यक समाज के बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं लेकिन दिल्ली की बीजेपी सरकार को उनकी चिंता नहीं है। दिल्ली सरकार घुसपैठियों के लिए रेड कारपेट बिछा रही है और उन्हें इन रोहिंग्या घुसपैठियों की चिंता ज्यादा है।

# मां सिद्धिदात्री का मिला आशीर्वाद उमड़ा आस्था का सैलाब

